राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई व शुभकामनाएँ दी

पटना, 12 अक्टूबर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि विजयादशमी का पर्व बुराईयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है तथा हमें मर्यादित एवं धर्मनिष्ठ रहकर उच्चादर्शों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ पूर्ण भक्तिभाव से हर्षोल्लासपूर्वक मनाने की अपील की है ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा सुदृढ़ हो।

राज्यपाल ने कहा है कि लोगों को यह त्योहार कोविड प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करते हुए मनाना चाहिए।

....